समाचार

परम्परागत व्यवसाय को बढ़ावा देने पौनी पसारी योजना अत्यंत महत्वपूर्ण–महापौर

(मुड़ापार में प्रस्तावित पौनी पसारी योजना के निर्माण स्थल चयन हेतु पहुंचे महापौर, सभापति एवं आयुक्त के साथ किया भ्रमण, बाजार की समस्याओं का लिया जायजा)

कोरबा 21 सितम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महती योजना पौनी पसारी योजना परम्परागत व्यवसाय को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा परम्परागत कार्यो से जुड़े लोगों की दिक्कते समझते हुए उन्हें अपने व्यवसाय के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल पौनी पसारी योजना के साथ–साथ अन्य विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विशेष रूचि दिखा रहे हैं तथा योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए सतत रूप से मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज मुड़ापार बाजार में प्रस्तावित पौनी पसारी योजना के निर्माण के लिए स्थल चयन के अवसर पर कही। शासन की महती योजना पौनी पसारी योजना के तहत मुड़ापार बाजार में शेड चबूतरों का निर्माण व अन्य आवश्यक कार्य किए जाने हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं एम.आई.सी.सदस्य सपना चौहान, अपर आयुक्त अशोक शर्मा के साथ बाजार का भ्रमण कर योजना क्रियान्वयन हेतु स्थल का चयन किया। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने बताया कि पौनी पसारी योजनांतर्गत मुड़ापार बाजार के चयनित स्थल पर 15 चबूतरों व शेड का निर्माण कराया जाएगा, इस स्थल पर चारों तरफ पेवर ब्लाक लगाने के साथ–साथ पार्किंग एरिया का निर्माण भी होगा, योजनांतर्गत शौचालय का निर्माण व बिजली पानी की व्यवस्था

भी की जाएगी ताकि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप परम्परागत व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को अपने व्यवसाय के कामकाज हेतु एक सर्वसुविधायुक्त स्थल उपलब्ध हो सके।

मुड़ापार बाजार में बनेगी पक्की दुकानें – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के साथ मुड़ापार बाजार का भ्रमण कर वहां पर उपस्थित व्यवसायियों से भेंट कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। बाजार के व्यवसायियों द्वारा मेन रोड के किनारे इतवारी बाजार कोरबा की तर्ज पर पक्की दुकानों का निर्माण कर उन्हें आबंटित करने की मांग की, महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि चूंकि टी.पी.नगर चौक से एस.ई.सी.एल. जी.एम. आफिस तक इस मार्ग पर सड़क का चौड़ीकरण, फोरलेन/टू–लेन के रूप में किया जाना हैं, अतः इस संबंध में सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए जमीन को चिन्हित किए जाने के बाद जगह की उपलब्धता के आधार पर दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। बाजार में मछली विक्रय करने वाले मछली व्यवसायियों ने अपने लिए पृथक स्थल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिस पर महापौर श्री प्रसाद ने इस संबंध में आवश्यक परीक्षण कर उचित कार्यवाही करने को कहा।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, वरिष्ठ नागरिक अवधेश सिंह, यशवंत चौहान, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, डॉ.संजय तिवारी, अनिरूद्ध सिंह, आकाश अग्रवाल, मनहरण श्रीवास, दीपेश कुमार सिंह, निकेश ठाकुर, विक्की वैष्णव, विशू घोष आदि के साथ व्यवसायिकगण व अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।